पेज थ्री {देहरादून}

# हमारा दून


कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए जेसीबी।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना वॉरियर्स सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। इंटरनेशनल ह्यूमन राइटस काउंसिल के तत्वाधान में कोरोना वॉरियर्स सम्मान समारोह का आयोजन उत्तरांचल प्रेस क्लब में किया गया और इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरीश रावत ने काउंसिल द्वारा विश्व में की जा रही मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता, अधिकारों के प्रति आवाज उठाना, शिक्षा, आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्र में देश में प्रोत्साहन कार्य किये जाने पर संस्था को बधाई दी। उन्होंने कहा कि काउंसिल के सराहनीय कार्यों से यून द्वारा संस्था को सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में विशेष दर्जा दिया गया है और यह गर्व की बात है।

### पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ सिखों का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। पश्चिम बंगाल में स्थानीय भाजपा नेता प्रियांशु पांडे की सुरक्षा में तैनात एक सिख पुलिस कर्मी सुरक्षा कर्मी पकड़ी दस्तार को अमानवीय तरीके से जबरन उतारते हुए उनके साथ जायदती किये जाने के विरोध में राष्ट्रवादी स्वाभिमानी पंजाबी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### इंजीनियर चारू अग्रवाल की जांच किये जाने को प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। भगवा रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता चारू अग्रवाल के द्वारा विभाग को फर्जी अस्थाई मूल निवास प्रमाण पत्र देने व जनपद हरिद्वार में पिछले 14 वर्षों से अवैधानिक रूप से कार्य करने की जांच कराये जाने व हटाये जाने मांग को लेकर उत्तराखंड पेयजल निगम मोहनी रोड में प्रदर्शन कर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और कहा कि शीघ्र ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जायेगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्यौहारी मौसम की शुरुआत पर

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने वेतनभोगी ग्राहकों के लिए एक विशेष पेशकश की घोषणा की है। इसका फायदा सरकारी कर्मचारियों के साथ–साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी है। टोयोटा की 'विशेष पेशकश' भावी ग्राहकों के लिए सपने की अपनी टोयोटा कार खरीदने का मौका है। यह खरीदने और फाइनेंस के आसान विकल्पों के जरिए संभव है। इस तरह, उन्हें अपने और अपने परिवार की यात्रा के लिए एक सुरक्षित तरीका मिलेगा। ग्राहक टोयोटा के अनूठे ईएमआई से तीन महीने की छुट्टी की पेशकश का भी लाभ उठा सकते हैं।

# विभिन्न परियोजनाओं से उत्तराखंड में पलायन रूकेगाः मुख्यमंत्री

■मुख्यमंत्री ने हंस फाउंडेशन की उत्तराखंड के लिए 105 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का किया शुभारंभ

### शुभारंभ

**संवाददाता**




देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने माता मंगला जी के जन्मदिवस पर सीएम आवास में हंस फाउंडेशन की उत्तराखंड के लिए 105 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन योजनाओं में 'हंस जल धारा के तहत लगभग 200 गांव में शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना प्रमुख है। जिसकी लागत लगभग 50 करोड़ रुपये है। इस योजना को उत्तराखंड में दो से तीन साल में पूरा किया जाना है।

कोविड–19 संक्रमण के चलते बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी पहाड़ लौटे है। इन लोगों के लिए हंस फाउंडेशन द्वारा 25 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की, जिसके माध्यम से पहाड़ लौटे प्रवासियों को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने में मदद की जाएगी। इसी के साथ राज्य में लगभग 200 गांव में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाना है। जिनकी लागत लगभग 30 करोड़ रूपये है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माता मंगला जी के सुदीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि माता मंगला जी के जीवन संघर्ष और उनकी सेवा भाव की विचारधारा हम सभी को प्रेरित करती है। उनका जीवन गरीबों की निस्वार्थ सेवा में समर्पित है। राज्य सरकार को भी हमेशा उनका सहयोग मिला है। माता मंगला जी व भोले जी महाराज समाज सेवा की भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। जिससे लाखों लोगों के जीवन में रोशनी फैल रही है। आज राज्य को माता जी के जन्मदिवस पर 105 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात मिली है। यह निश्चित तौर पर हमारे राज्य को विकास के पथ पर लेकर जाएगा। इससे पहले हंस फाउंडेशन राज्य को श्री भोले जी महाराज के जन्मदिवस पर 100 करोड़ रुपये की योजनाओं का तोहफा दे चुका है। जिसमें पौड़ी के लवाड़ में 'नेशनल स्किल डेवलपमेंट सेंटर का निर्माण प्रमुख है। इस योजना से उत्तराखंड के हजारों नौजवानों को रोजगार के अवसर तो मिलेंगे ही साथ ही पलायन की मार झेल रहे उत्तराखंड से पलायन भी रूकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल में हंस फाउंडेशन राज्य के साथ रात–दिन से सहयोगी के रूप में खड़ा रहा है। मैं इस के लिए पूज्य माता मंगला जी एवं श्री भोले जी महाराज जी का आभार प्रकट करता हूँ। माता मंगला जी के जन्मदिन के अवसर पर हंस फाउंडेशन ने रूद्रप्रयाग के जिला अस्पताल को एम्बुलेंस, सक्सन मशीन ,नेबुलिजर मशीन, लाइफ सपोर्ट डिवाइस डिफाइब्रिलेटर मशीन, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर,एक्स रे मशीन एवं ईसीजी मशीन प्रदान की है।

### मलिन बस्तियों को उजाड़ा तो कांग्रेस छेड़ेगी आंदोलनः धस्माना

देहरादून। राज्य सरकार लगातार राज्य की मलिन बस्तियों के नियमितीकरण व मालिकाना हक देने के सवाल को जानबूझ कर लटका रही है और माननीय उच्च न्यायालय की आड़ में बस्तियों को उजाड़ने की साजिश रच रही है, जिसे सहन नहीं किया जायेगा। यह बात आज कांवली में आयोजित उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में जब सरकार ने ऐसा प्रयास किया था तब कांग्रेस ने मलिन बस्तियों के हजारों लोगों के साथ मुख्यमंत्री आवास कूच किया था और सरकार ने उस समय लोक सभा के चुनाव सिर पर देखते हुए एक अध्यादेश जारी कर तीन सालों के लिए मलिन बस्तियों पर कार्यवाही को रुकवा दिया था जिसकी मियाद 2021 में समाप्त हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि किन्तु राज्य सरकार ने तब से लेकर अब तक मलिन बस्तियों के पुनर्वास के लिए या उन्हें कब्जे के मालिकाना हक के लिए कोई काम नहीं किया न आज तक किसी को पुनर्वासित किया।

# एक माह में स्वयं ही बंद करें फर्जी संस्थान

### अल्टीमेटम

- फर्जी संस्थानों को बंद करायेगी यूकेडी
- बिना मान्यता के चल रहे है मेडिकल संस्थान

देहरादून। **संवाददाता**



उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा संचालित अटल विहारी बाजपेई पैरा मेडिकल संस्थान, अनमोल भारतीय उपचार एवं योगा संस्थान बल्लूपुर रोड़ देहरादून और आयुष हॉस्पिटल एंड रिसर्च संस्थान नेहरू कॉलोनी देहरादून संचालित हो रहे है जिनको की डिप्लोमा कोर्सों में मान्यता नही है और वो कोर्स चल रहे है, को कोई मान्यता नही है लेकिन आज भी चल रहा है। यह छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे है। दल ने एक माह का समय दिया है कि स्वयं अपने संस्थान को बंद करें, अन्यथा दल पूर्ण रूप से तालाबंदी करेगा।

दल के केन्द्रीय कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि जबकि शासन द्वारा स्पष्ट है कि इन संस्थानों को मान्यता नही है। उन्होंने कहा कि जिसमें अध्ययनरत 200 बच्चों का भविष्य अधर में लटक चुका है। जिसका खुलासा कुछ माह पूर्व हो चुका है।

इस अवसर पर उक्रांद नेता व डोईवाला विधानसभा प्रत्याशी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड जो आयुर्वेदिक निजी संस्थानों का फर्जीवाड़ा का मुखिया बन गया। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों को चलाया जा रहा है जिन्हें मान्यता ही नही मिली है या फिर डिप्लोमा कोर्सो को मान्यता नही दी गयी, यह सभी संस्थान युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है जिसे दल कतई बर्दाश्त नही करेगा। उन्होंने कहा कि इन फर्जी संस्थानों के खिलाफ बंद, तालाबंदी की मुहिम चलायेगा, साथ ही भारतीय चिकित्सा परिषद जो फर्जीवाडा का अड्डा बन गया इन अधिकारियों को सबक सिखायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रान्ति दल राज्य में चल रहे आयुर्वेद संस्थान ही नही बल्कि अन्य फर्जी संस्थानों को संचालित नही होने देगा।

### कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी के कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया और यहां पर पैराफीट व दुकानों, व मकानों की चाहरदीवारी तोड दी गई और नालियों पर लगाये गये स्लैबों को भी जेसीबी ने तोड दिया। यहां हाईकोर्ट के निर्देश पर शुरू किये जा रहे अतिक्रमण हटाने का कार्य राजधानी के अलग अलग क्षेत्रों में किया गया। उधर डीएल रोड पर आज फिर से अभियान को चलाया गया और वहां पर लोगों के चाहरदीवारी व पैराफीट के साथ ही साथ नालियों के स्लैब को हटा दिया और वहीं लोगों ने विरोध किया तो जेसीबी अपना काम करती रही। जीएमएस रोड पर भी अतिक्रमण अभियान को चलाया गया और यहां पर सिटी मजिस्ट्रेट सहित भारी पुलिस बल तैनात था। इस दौरान व्यापारियों का कहना है कि वैसे भी पहले से ही कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल के चलते व्यापारी परेशान है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।